>

Title: Need to develop Naimisharanya in Uttar Pradesh as a tourist place-laid.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): उत्तर प्रदेश राज्य के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नैमिषारण्य एक बहुत ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है । इस क्षेत्र में दधीचि, कुंड, यादव, किला, हनुमानगढ़ी, सुदर्शन चक कुंड, मां ललिता देवी मंदिर जैसे अन्य बहुत से धार्मिक स्थल हैं । चारों धामों की यात्रा के पश्चात धार्मिक श्रद्धालु 84 कोशी नैमिष परिक्रमा पथ की परिकमा भी करते हैं तभी यात्रा पूरी मानी जाती है । यहां पर देश के ही नहीं बल्कि विदेशों से भी श्रद्धालु भारी संख्या में

आते हैं । इन धार्मिक स्थलों का महत्व पुराणों में भी वर्णित है लेकिन श्रद्धालुओं के लिए यहां - पर जरूरी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है ।

मेरा अपनी सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त धार्मिक स्थल के महत्व को देखते हुए इसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने एवं अंतर्राज्यीय बस अड्डा स्थापित करने का अनुरोध करता हूं । नैमिषारण्य व मिश्रिख को राजधानी दिल्ली से एक्सप्रेस रेलगाड़ी से जोड़ने, सड़क के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा जोड़ने और मिश्रिख रेलवे स्टेशन का सौन्दर्गीकरण कराने के साथ-साथ वहां पर जरूरी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु समुचित कदम उठायें ।